# चित्रकूट समेत पांच शहरों के लिए सीधी उड़ानें दो से

**सफर में राहत**

- मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट आजमगढ़, श्रावस्ती के लिए शुरू होंगी उड़ानें

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के पांच शहर विमान सेवा से जुड़ने जा रहे हैं। दो मार्च से इन शहरों से लखनऊ के बीच 10 सीधी उड़ानें शुरू हो रही हैं। सप्ताह में सातों दिन 19 सीटर विमान से यात्रा की जा सकती है।

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार इन उड़ानों के लिए डीजीसीए की मंजूरी के बाद समय सारिणी जारी हो गई है। पिछले साल कनाडा की विमान बनाने वाली कंपनी डी-हैविलैंड के साथ देश की छोटी एयरलाइंस बिग एयर ने करार किया था। केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत बिग एयर इन शहरों के बीच उड़ान केलिए डी-हैविलैंड डीएचसी 6-400 एयरक्राफ्ट प्रयोग करेगी। यह ट्विन इंजन वाला 19 सीटर विमान होगा।

जानकारी के अनुसार बता दें कि केन्द्र सरकार रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम में छोटी विमानन कंपनियों को सब्सिडी भी दे रही है ताकि किराया ज्यादा न रहे।